## 1 SEM TDC HING (CBCS) AECC 2 (A/B)

**2023**

( November )

HINDI

( Modern Indian Language )

( For Arts/Sc/Com )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

Paper : AECC–2A

**( हिन्दी काव्य एवं गद्य साहित्य )**

*Time* : 2 hours

*Candidates **eligible** for Internal Assessment shall answer Question Nos.* **1** *to* **4**

*Full Marks* : 40

*Pass Marks* : 16

*Candidates **not eligible** for Internal Assessment shall answer Question Nos.* **1** *to* **5**

*Full Marks* : 50

*Pass Marks* : 20

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×4=4

(क) तुलसीदास जी का जीवन-काल क्या है?

(ख) जयशंकर प्रसाद की सबसे सर्वश्रेष्ठ रचना कौन-सी है?

*( Turn Over )*

(ग) महेन्द्र कुमारी की पहचान साहित्य जगत् में किस नाम से होती है?

(घ) 'भारत की सांस्कृतिक एकता' निबंध के निबंधकार कौन हैं?

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) सूर ने अविद्या में फँसे मनुष्य का कैसा वर्णन किया है?

(ख) द्वीप नदी से क्या कहते हैं? लिखिए।

(ग) "'यही सच है' प्रेम की नैसर्गिक भावना के मूल सत्य की पहचान में अंतर्द्वन्द्व से जूझती स्त्री की कहानी है।" स्पष्ट कीजिए।

(घ) "सुदीप जब भी किसी को गिड़गिड़ाते देखता है, तो उसे अपने पिता जी की छवि याद आने लगती है। ऐसे में उसका पोर-पोर चटखने लगता है।" इस कथन का प्रसंग बताइए।

(ङ) वन को जाते हुए सीता की अवस्था का वर्णन कीजिए।

**3.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6×2=12

(क) बिनु गोपाल बैरिनि भई कुंजै।
तब वै लता लगति अति सीतल, अब भई विषय ज्वाल की पुंजैं।
वृथा वहति यमुना खग बोलत, वृथा कमल फूलहिं अलि गुंजैं।
पवन, पानि, घनसार, सजीवन, दधिसुत किरन भानु भई भुंजैं।
ये ऊधौ कहियो माधो सौ, विरह कदन करि मारत लुंजैं।

**अथवा**

द्वीप हैं हम।
यही नहीं है शाप। यह अपनी नियति है।
हम नदी के पुत्र हैं। बैठे नदी के क्रोड़ में।
वह बृहद् भूखंड से हमको मिलाती है।
और वह भूखंड
अपना पितर है।

(ख) परदे के ज़रा से हिलने से दिल की धड़कन बढ़ जाती है और बार-बार नज़र घड़ी के सरकते हुए काँटों पर दौड़ जाती है। हर समय यही लगता है, वह आया! ...वह आया!...

**अथवा**

हिन्दू से कह दीजिए कि विलायती खांड खाने में अधर्म है। उसमें अभक्ष्य चीजें पड़ती हैं। चाहे आप वस्तुगति से कहें, चाहे राजनैतिक चालबाजी से कहें, चाहे अपने देश की आर्थिक अवस्था सुधारने के लिए उसकी सहानुभूति उपजाने को कहें। उसका उत्तर यह नहीं होगा कि राजनैतिक दशा सुधरनी चाहिए।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8×2=16

(क) "तुलसी विश्व कवि माने जाते हैं।" क्या आप इससे सहमत हैं? तर्कयुक्त विवेचन कीजिए।

(ख) केदारनाथ अग्रवाल-कृत 'लेखक की स्वतंत्रता' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) कहानी-कला की दृष्टि से 'चीफ़ की दावत' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(घ) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' जी का संक्षिप्त जीवन-परिचय देते हुए उनकी कहानी 'कछुवा धरम' की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) ''वात्सल्य और शृंगार के क्षेत्रों का जितना अधिक उद्घाटन सूर ने अपनी बंद आँखों से किया है उतना और किसी ने नहीं।'' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं? लिखिए।

**In lieu of Internal Assessment**

**5.** सूरदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए। 10

**अथवा**

'यही सच है' कहानी की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

# COMMUNICATIVE HINDI

## ( For Arts/Sc/Com )

### Paper : AECC–2B

### ( हिन्दी भाषा और व्याकरण )

*Full Marks* : 40
*Pass Marks* : 16

*Time* : 2 hours

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×4=4

(क) वर्गों के समूह को क्या कहते हैं?

(ख) जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए, उसे क्या कहते हैं?

(ग) रचना की दृष्टि से क्रिया के कितने भेद हैं?

(घ) ऐसे शब्द जो संस्कृत और प्राकृत से विकृत होकर हिन्दी में आए हों, वे क्या कहलाते हैं?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(क) हिन्दी भाषा की चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) हिन्दी में स्वर कितने प्रकार के होते हैं? नामोल्लेख कीजिए।

(ग) मिश्र वाक्य किसे कहते हैं? उदाहरण देकर समझाइए।

(घ) 'करण' और 'अपादान' कारक के अंतर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6×4=24

(क) भाषा की प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं को विस्तारपूर्वक लिखिए।

(ख) हिन्दी भाषा के विविध रूपों का उल्लेख करते हुए बोलचाल की भाषा पर प्रकाश डालिए।

(ग) हिन्दी शब्द भंडार में आने वाले देशज और आगत के छः-छः शब्दों के नाम लिखिए।

(घ) उपवाक्य के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसके भेदों पर प्रकाश डालिए।

(ङ) हिन्दी शब्द रचना में उपसर्गों की भूमिका को विस्तारपूर्वक लिखिए।

(च) सर्वनाम किसे कहते हैं? इसके कितने प्रकार हैं? किसी एक का सोदाहरण परिचय दीजिए।

★★★